# श्री महाकालेश्वर मंदिर भस्म आरती बुकिंग – फ्लोचार्ट

भस्मआरती आवेदन

**www.mahakaleshwar.nic.in**
**www.mahakaleshwar.org.in**

बाहरी श्रद्धालुओं के लिए — ऑनलाईन

स्थानीय एवं बाहरी श्रद्धालुओं के लिए — ऑफलाईन मंदिर के काउन्टर से / ऑनलाईन

आवश्यक दस्तावेज

समस्त श्रद्धालुओं के फोटोग्रॉफ एवं आईडी, यदि समस्त श्रद्धालुओं के फोटोग्रॉफ उपलब्ध नही है तो आवेदन कर्ता का फोटोग्रॉफ

पहले आओ पहले पाओ के आधार पर उपलब्धतानुसार सीधे अनुमति। अनुमति का एस.एम.एस. एवं बारकोडेड रसीद प्राप्त होगी।

आवेदक को रसीद प्राप्त होगी, मंदिर प्रशासन द्वारा अनुमति दिये जाने पर अनुमति का एस.एम.एस. प्राप्त होगा।

अनुमति प्राप्तकर्ताओ कि सूची मंदिर वेबसाईट पर उपलब्ध होगी साथ ही मंदिर में उसका प्रिंट चस्पा किया जावेगा

समस्त श्रद्धालुओं की बारकोडेड रसीद / अनुमति का एस.एम.एस. प्रवेश द्वार पर बारकोड स्केनर से पढ़ा जावेगा सही पायजाने पर प्रवेश दिया जावेगा

भस्मआरती के लिए प्रवेश

# श्री महाकालेश्वर मंदिर भस्म आरती बुकिंग – प्रक्रिया का विवरण

श्री महाकालेष्वर मंदिर के ऑनलाईन पोर्टल से भस्म आरती दर्शन बुकिंग / अनुमति व्यवस्था का कम्प्युटराईजेशन श्रद्धालुओं की सुविधा एवं प्रक्रिया के सरलीकरण हेतु किया गया है, नवीन प्रक्रिया निम्नानुसार रहेगी :–

1 यह व्यवस्था अब श्रद्धालुओं के लिये ऑन लाईन उपलब्ध रहेगी तथा स्थानीय श्रद्धालुओं के लिये ऑन लाईन के साथ ऑफ लाईन आवेदन कि सुविधा भी उपलब्ध रहेगी।

2 जो श्रद्धालु कम्प्युटर का उपयोग नहीं जानते हैं, वह भी ऑफ लाईन सुविधा के माध्यम से दर्शन की अनुमति प्राप्त करेंगे। ऑफ लाईन आवेदन का समय प्रातः 10.00 से शाम 3.00 रहेगा ।

3 नंदी हाल एवं बेरिकेट्स से दर्शन की अनुमति के लिये वर्तमान में क्रमशः 100 एवं 500 दर्शनार्थियों की संख्या निर्धारित की गई है।

4 ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन में दर्शनार्थियों की अनुमति नंदी हाल एवं बेरिकेट्स से दर्शन हेतु संख्या पूर्व निर्धारित की जा सकेगी। यह संख्या आने वाले पर्वों के समय सुविधा अनुसार परिवर्तित भी की जा सकेगी।

5 ऑन लाईन पर यह सुविधा दर्शन दिनांक से 15 दिन पूर्व से बुक की जा सकेगी यह सुविधा समय अनुसार परिवर्तित भी की जा सकेगी। साथ ही श्रद्धालुओं की आने वाली संख्या को दृष्टिगत रखते हुए ऑन लॅाइन बुकिंग कि दिनांको को लॉक भी किया जा सकेगा जिससे उन दिनांको के लिए ऑन र्लाइन बुकिंग नही होगी जैसे शिवरात्री, नागपंचमी, शाही सवारी का दिन आदि।

देश के किसी भी कोने से इंटरनेट के माध्यम से श्रद्धालु इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। इसके लिये श्रद्धालुओं को ऑनलाईन आवेदन भरना होगा, जिसमें उसे फोटोग्राफ एवं आई.डी. प्रुफ भी समस्त श्रद्धालुओं के लिये डालना अनिवार्य होगा। यदि समस्त श्रद्धालुओं के फोटोग्राफ नही होने पर, समस्त श्रद्धालुओं के फोटोग्राफ के स्थान पर आवेदक के फोटोग्राफ डालना अनिवार्य होगा। अनुमति

संख्या अनुसार यदि उपलब्धता होगी तो तत्काल उसे अनुमति प्राप्त हो जायेगी और रजिस्ट्रेशन नम्बर का एस.एम.एस. भी प्राप्त हो जायेगा। वेबासाइट से वह अपना अनुमति पत्र का प्रिन्ट भी निकाल सकेगा, जिसे प्रवेश के समय लाना आवष्यक होगा।

6 यदि किसी कारण से श्रद्धालुगण नहीं आ पा रहे है तो उन्हें इंटरनेट के माध्यम से अपनी अनुमति निरस्त कराना होगीं।

7 ऑफ लाईन अनुमति के लिये मंदिर परिसर में भस्म आरती काउन्टर बनाया जा रहा है, जहां पर तीन कम्प्यूटर सेट स्थापित किये गये हैं। सभी कम्प्यूटरो पर श्रद्धालुओं के फोटो के लिये बेब केम की सुविधा है। श्रद्धालुओं को अपने आई.डी. की फोटाकापी नहीं लगानी होगी। उसका आई.डी. वहीं बेब केम के माध्यम से स्केन कर स्टोर कर लिया जायेगा तथा उसे एक रसीद जिस पर आवेदित श्रद्धालुओं के फोटो, आई.डी. एवं बार कोड प्रिन्ट होगा, का प्रिन्ट आउट दिया जायेगा, यही प्रिन्ट आउट अनुमति मिलने कि दशा में अनुमति पत्र का कार्य करेगा, इस व्यवस्था से श्रद्धालुओं को इस प्रकिया के लिए एक ही बार में कार्य पूर्ण हो जावेगा।

8 ऑफ लाईन से प्राप्त कुल आवेदनो की सूची, जिस पर श्रद्धालुओं के नाम, फोटो, आई.डी. प्रिन्ट होगा, प्रशासक, श्री महाकालेष्वर मंदिर के पास अनुमति हेतु भेजी जायेगी। प्रशासक द्वारा श्रद्धालुओं की संख्या और निर्धारित संख्या को देखते हुए सूची पर अनुमति प्रदान की जायेगी, जिसे कम्पयूटर में इन्द्राज करते ही श्रद्धालुओं के पास अनुमति के एस.एम.एस. प्राप्त हो जायेंगे, जिसमें अनुमति दिनांक, स्थान एवं रजिस्ट्रेशन नम्बर का उल्लेख होगा। श्रद्धालु सांय को लगने वाली सूची से भी अपनी अनुमति के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे, या मंदिर की वेब साईट पर भी देख सकेंगे। श्रद्धालुओं को प्राप्त रसीद या एस.एम.एस. प्रातः प्रवेश के समय लाना आवष्यक होगा।

9 मंदिर परिसर में नंदी हाल एवं बेरिकेट्स में जाने के लिये अलग–अलग प्रवेश द्वारों पर कम्प्यूटर लगाये गये हैं, जिसमें बार कोड स्केनर भी लगा है! श्रद्धालुओं को अपना प्रिन्ट आउट या एस.एम.एस. प्रवेश द्वार पर दिखाना होगा, जिसकी बार कोड


स्केनर या सीधे एन्ट्री करने से स्क्रीन पर श्रद्धालुओं का फोटो एवं आई.डी. प्रदर्शित होगी। जिसे अनुमति प्राप्त नहीं हुई है, उसके लिये स्क्रीन पर लाल पट्टी आयेगी एवं कम्प्यूटर के माध्यम से यह संदेश सुनाई देगा कि इन्हें अनुमति प्राप्त नहीं हुई है। तद्नुसार श्रद्धालुओं को मंदिर में प्रवेश दिया जायेगा। प्रवेश के समय नंदी हाल के श्रद्धालुओं को एक टोकन प्रदान किया जाएगा जिसे दिखा कर ही श्रद्धालु हरी ओम को जल चढ़ाने के पष्चात नंदी हाल में उपस्थित रह सकेगें । यदि एक रजिस्ट्रेशन नम्बर पर किसी श्रद्धालु द्वारा प्रवेश प्राप्त कर लिया गया है तो पुनः उसी रजिस्ट्रेशन नम्बर दूसरे श्रद्धालु को प्रवेश प्राप्त नहीं होगा। यह सुविधा जालसाजी को रोकने के लिये की गई है।

# श्री महाकालेश्वर मंदिर भस्म आरती बुकिंग – वेबपोर्टल से कैसे होगी


**आवेदन पत्र का भरना:–** श्रद्धालु को सर्वप्रथम श्री महाकालेष्वर की वेब साईट www.mahakaleshwar.org.in या www.mahakaleshwar.nic.in पर इंटरनेट के माध्यम से जाना होगा। जिससे निम्न वेब पेज खुलेगा।




वेब साईट पर Bhasm Arti बटन पर क्लिक करने से केलेण्डर पेज आवेगा जिसमें निर्धारित दिनांक जिसके लिए भस्मआरती की बुकिंग की जा सकती है बुकिंग वाली दिनांक हरे रंग से दिखेगी और बाकी दिनांक कटी होगी जिसके लिए बुकिंग नहीं की जा सकेगी। श्रद्धालु मंदिर समिति द्वारा निर्धारित संख्या के अनुसार बुकिंग प्रथम आओ–प्रथम पाओ के आधार पर कर सकेंगें।




दिनांक पर क्लिक करने के पश्चात निम्न आवेदन स्क्रीन खुलेगी, यहाँ आवेदक को अपना नाम, पता मोबाईल भरने के पष्चात समस्त श्रद्धालुओ (यदि आवेदक श्रद्धालु है तो उसका नाम भी) के नाम, उम्र, फोटो एवं आई.डी. प्रुफ भरना होगा। फोटो एवं आई.डी. प्रुफ के लिए आवेदक के पास वेब केम है तो कैमरे पर क्लिक करके सीधे फोटो एवं आई.डी. प्रुफ डाल सकेगें अथवा स्कैन फोटो एवं आई.डी. प्रुफ को भी ब्राउस कर डाल सकते है।






सफलता पूर्वक आवेदन भर कर जैसे ही सबमिट किया जावेगा समस्त श्रद्धालुओं की अनुमति रसीद स्क्रीन पर आजावेगी जिस पर बारकोड, श्रद्धालु के नाम, उम्र, फोटो एवं फोटो आई.डी. प्रिंट होगा। यह हर श्रद्धालुओ के लिए अलग–अलग होगी। साथ ही आवेदक के मोबाईल नम्बर पर एक एस.एम.एस. तुरन्त प्राप्त होगा जिसमें भी पूर्ण विवरण होगा। समस्त श्रद्धालु को अनुमति रसीद साथ लाना अनिवार्य होगी जिसे प्रवेश के समय बारकोड स्केनर से स्केन करने के पष्चात ही वह प्रवेश पा सकेगे।





समस्त श्रद्धालु अनुमति कि पूर्ण विवरण वाली अंतिम सूची भी वेबसाईट पर देख सकेगें जो निम्नानुसार होगी।



**मंदिर में प्रवेशः—** मंदिर में भस्मआरती प्रवेश द्वार एवं बेरीकेटस् प्रवेश द्वार पर एक—एक कम्प्युटर जिसमें बारकोड स्केनर लगा होगा रखा रहेगा। वह वेब साईट पर निम्न स्क्रीन से अपने लॉगीन में जावेगा।



लॉगीन में जाने के पश्चात उसे चेक पांइट पर क्लिक करना होगा जिस पर निम्न स्क्रीन प्राप्त होगी। वहाँ बैठा कर्मचारी जैसे ही बारकोड स्केनर से श्रद्वालु की अनुमति रसीद को रीड करेगा यदि वह वैध होगी तो निम्नानुसार अनुसार उसका फोटो, आई.डी एवं कहाँ की अनुमति है स्क्रीन पर आजावेगी। श्रद्वालु के द्वारा एक बार प्रवेश के बाद वह नम्बर लॉक हो जावेगा उस पर पुनः प्रवेश नहीं किया जा सकेगा।

